# निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 14 जुलाई. भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी व अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) शैलेन्द्र बड़ौनियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आमला के नेतृत्व में आमला विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-130 ( अ.जा. ) अंतर्गत बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किया गया।**

यह प्रशिक्षण मतदान केन्द्र क्रमांक 98 से 197 तक के बीएलओ, सुपरवाइजर के लिए तृतीय एवं चतुर्थ बेंच के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सतीष साहू, दिलीप कुमार हाथिया एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर बलिराम साहू, संदीप कुमार चौकीकर, शैलेंद्र सूर्यवंशी एवं साहीराम मोहबे द्वारा बीएलओ को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीमती रिचा कौरव, नायाब तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्याम बिहारी समेले की उपस्थिति रही। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) श्री बडोनिया एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आमला द्वारा बीएलओ के कर्तव्य, संविधान की धाराएं एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित सम्पुर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओ को निर्वाचक नामावली के त्रुटिरहित बनाने के



निर्देशों में निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक की जानकारी का सत्यापन करना, मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि की जानकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, फार्म-6, 7 व 8 एवं बीएलओ एप आदि के संबंध में बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही प्रशिक्षण में प्रात: 9 बजे से पंजीयन कार्य, किट वितरण किया गया।

**पांच चरणों में बीएलओ को दिया प्रशिक्षण :** प्रथम चरण में बीएलओ को संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। द्वितीय चरण में बीएलओ की जिम्मेदारियां, रोल-प्ले, बीएलओ ऐप, वीएचए ऐप तथा फार्म-6, 6ए, 7, 8 भरने का अभ्यास कराया गया। साथ ही एसआईआर विशेष गहन परीक्षण की प्रक्रिया समझाई गई।तृतीय चरण में भरे गए फार्मों का मूल्यांकन कर त्रुटिरहित कार्य का अभ्यास कराया गया। चतुर्थ चरण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध ई-मूल्यांकन लिंक के माध्यम से समस्त बीएलओ का मूल्यांकन किया गया। पांचवा चरण में बीएलओ को वीडियो क्लिप, दुविधा निवारण एवं अनुभव साझा करते हुए प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया।

## एसडीएम की मौजूदगी में दी गई जानकारी

**सारनी।** 14 जुलाई को सारनी क्षेत्र के सभी बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए।उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत धनोरा के शासकीय हाई स्कूल क्रमांक 2 घोड़ाडोंगरी में बी.एल.ओ. (बूथ लेवल अधिकारी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 14 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अभीजीत सिंह ने की, जिन्होंने उपस्थित बीएलओ अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन, पहचान पत्र सत्यापन, नए मतदाता जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं को सूची से हटाने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में डिजिटल स्लाइड्स के माध्यम से बी.एल.ओ. पहचान फॉर्म, कार्य क्षेत्र की जिम्मेदारियाँ, मोबाइल ऐप के उपयोग और मतदाता जागरूकता अभियान की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विभिन्न पंचायतों और वार्डों से आए बीएलओ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को पूरी तरह प्रशिक्षित करना है। अंत में, एसडीएम अभिजीत सिंह ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे अपने कार्य को निष्ठा और जिम्मेदारी से करें ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत बन सके।

## एक नजर में

### जर्जर भवन में संचालित हो रही आंगनवाड़ी

**भैंसदेही।** बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही पोषण देने के लिए शहर में आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित किये जा रहे है। लेकिन इन आंगनवाड़ी केन्द्रों के रखरखाव को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण आंगनवाडी केन्द्र जर्जर हालत में पहुंच गये है और इन्हीं जर्जर भवनों में बच्चों को बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत निपान्या की आंगनवाड़ी केन्द्र की हालत बेहद ही खराब हो गई है। जिसके संबंध में कई बार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने अधिकारियों को अवगत भी कराया, लेकिन मरम्मत के अभाव में इसी भवन में आंगनवाड़ी संचालित करनी पड़ रही है। जिसके कारण पालकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा डर बना रहता है। अभिभावकों का कहना है कि यह आंगनवाड़ी भवन काफी पुराना है। जिसके कारण इनकी दीवारे काफी कमजोर हो गई है। जगह-जगह से दीवार का प्लास्टर भी झड़ रहा है। ऐसे में कभी भी यह भवन हादसे का कारण बन सकता है। लेकिन अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत या इसके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे अभिभावकों में भी नाराजगी बनी हुई है। इस संबंध में परियोजना अधिकारी श्रीमति उषा मसीह का कहना है कि हमने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को आदेश कर दिये है कि जो भी आंगनवाड़ी क्रेन्द्र क्षतिग्रस्त है वहा आंगनवाड़ी संचालित किसी के भी यहा किराये से मकान लेकर संचालित किये जाये फिर भी अगर क्षतिग्रस्त भवन मे संचालित हो रहे तो दिखवाते है।

### मतदाता शुद्धिकरण के लिए दिया प्रशिक्षण

**भैंसदेही।** भैंसदेही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम की श्रंखला में विधानसभा भैंसदेही के बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 14 जुलाई से 17 जुलाई 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम शैलेन्द्र कुमार हनोतिया ने की, वहीं सहायक निर्वाचन अधिकारी भगवानदास कुमरे भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर संदीप राठौर, योगेश टिटारिया, जगदीश जितपुरे, नामदेव वागद्रे, सुरेश झाड़े, श्याम कुमार डोंगरे, विश्वनाथ शुक्ला द्वारा बीएलओ अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन, पहचान पत्र सत्यापन, नए मतदाता जोडने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं को सूची से हटाने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में डिजिटल स्लाइड्स के माध्यम से बी.एल.ओ. पहचान फॉर्म, कार्य क्षेत्र की जिम्मेदारियाँ, मोबाइल ऐप के उपयोग और मतदाता जागरूकता अभियान की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने अपने सवाल भी पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न पंचायतों और वार्डों से आए बीएलओ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को पूरी तरह प्रशिक्षित करना है। अंत में, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार हनोतिया ने सभी अधिकारियों से अपील की कि वे अपने कार्य को निष्ठा और जिम्मेदारी से करें ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत बन सके।

# सावन माह के पहले सोमवार शहर के मंदिरों में रही भीड़

**बैतूल। सावन मास के प्रथम सोमवार शहर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। शिव भक्तों ने शिवालय पहुंचकर जल, पंचामृत और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया।**

**श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का अभिषेक**

**भोपाली छोटा महादेव पूजा करने पहुंचे श्रद्धालु**



वहीं मुक्तकंठ से जयकारे लगाये। जिससे शहर के समस्त शिवालय जयकारों से गूंजायमान हो उठे। दरअसल आज सावन महीने का पहला सोमवार था। यह दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए बेहद शुभ माना जाता है। जिसके कारण सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सावन के प्रथम सोमवार के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भी की। कहा जाता है कि देवाधिदेव महादेव का सम्पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने से सौभाग्य प्राप्त होता है। मान्यता है कि सावन सोमवार पर शिव पूजन करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा जीवन में सदैव सुख-समृद्धि वास करती हैं। यहीं कारण है कि सावन के प्रथम सोमवार मंदिरों में रुद्राभिषेक, पंचामृत स्नान, गंगाजल व दूध से अभिषेक तथा बेलपत्र अर्पण जैसे पारंपरिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। शहर के कोठीबाजार स्थित शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भीड़ रही। वहीं कई भक्तगण कावड़ लेकर छोटा महादेव भोपाली भी पहुंचे, जहां भक्तों ने कावड़ में भरे जल से मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके अलावा मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया गया।

# मांग मातंग समाज ने किया प्रसादी का वितरण

**मुलताई। पवित्र नगरी में सवान मास के पहले सोमवार पर मांग मातंग समाज द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ताप्ती तट पर फलहारी प्रसादी का वितरण किया।**



सामाजिक बंधुओ द्वारा सावन सोमवार के पावन पर्व पर पूजन कर ताप्ती तट पर साबूदाने की खिचडी का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर आस पास के क्षेत्र सहित सभी रास्ते से आने जाने वाले श्रृद्धालूओ भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया एवं प्रसाद ग्रहण करने का लाभ उठाया। नत्थू देवहारे सुखदास तायवाड़े, एवं रामकृष्णा देवहारे ने बताया श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा, अर्चना, और जलाभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस महीने में महादेव अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। इस बार श्रावण, भाद्रपद, माह में कुल 6 सोमवार पड़ रहे हैं। सावन का महीना चातुर्मास में एक माना जाता है और यह महीना भगवान शिव का माना जाता है। पौराणिक मान्यतानुसार कहते हैं कि इसी महीने में समुद्र मंथन हुआ था और समुद्र मंथन से जो विष निकला था उसका भगवान शिव ने पान किया था।

# हर हर महादेव के जयकारे लगा कर श्रद्धालु अमरनाथ रवाना

**बैतूल।** नगर के मोती वार्ड स्थित महाकाल चौक पर सोमवार को शिवभक्तों का उत्साह चरम पर रहा। यहां आधा सैकड़ा से अधिक श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारों के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व भगवान शिव के मंदिर में पूजन और अभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की उन्नति की कामना की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला विशेष रूप से महाकाल मंदिर पहुंचे और सभी यात्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाजपा नेता एवं मोती वार्ड के पूर्व पार्षद कैलाश बंधु धोटे भी उपस्थित रहे। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में मोनू पंडाग्रे, शैलेंद्र पवार, बबलू पाल, नितिन बारस्कर, प्रियंक पाटिल सहित चार महिलाएं भी शामिल हैं। नितिन बारस्कर और प्रियंक पाटिल ने बताया कि यह उनका लगातार 15वां वर्ष है जब वे अमरनाथ यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे जयपुर-चेन्नई रेल से उज्जैन रवाना होंगे, जहां से वे मालवा एक्सप्रेस से जम्मू पहुंचेंगे। जम्मू से पहलगाम और फिर पैदल यात्रा कर भगवान अमरनाथ के बर्फानी स्वरूप के दर्शन करेंगे।

# हरदा घटना को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**भैंसदेही।** हरदा में घटित हुई घटना को लेकर राजपूत समाज भैंसदेही के सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी शैलेन्द्र हनोतिया को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हरदा मुख्यालय पर महाराणा प्रताप छात्रावास में म.प्र. पुलिस द्वारा छात्रावास में प्रवेश कर छात्रो एवं छात्राओं को एवं उपस्थित राजपुत समाज के गणमान्य व्यक्तियों को बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज कर घायल कर दिया। राजपूत समाज एवं करणी सेना तथा अन्य सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता, प्रदेश अध्यक्ष जीवनसिंह सहित सभी को बर्बरता पूर्वक लीठियों से पीटा गया। पुलिस द्वारा छात्राओं के



साथ भी लाठियों मारकर घायल किया गया। भैंसदेही तहसील के सर्व समाज राजपूत परिवार के सदस्य शासन प्रशासन के इन कृत्य की भर्त्सना करते है एवं चेतावनी देते है कि समाज के गिरफ्तार सदस्यों को बिना शर्त रिहा किया जायें। जिस व्यापारी द्वारा 420 का कृत्य किया गया है, उसे रिमांड पर लेकर और कितने व्यक्तियों के साथ घोखाधड़ी की गई है जॉच कि जायें। ज्ञापन सौंपने वालों में राजपूत समाज के राजा ठाकुर, अनिलसिंह ठाकुर, अजय कौशिक, देवीसिंह ठाकुर, राकेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# बैतूल में आर्ट ऑफ लिविंग का एडवांस कोर्स संपन्न

**बैतूल।** श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग केन्द्र बैतूल में डॉ.अल्का पांडेय के निवास श्री श्री विला में चार दिवसीय ध्यान शिविर में एडवांस कोर्स संपन्न हुआ। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के 4 शिक्षकों सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 24 साधकों ने हिस्सा लिया। साधकों ने बताया कि इस शिविर में तीन दिन पूर्ण मौन रहकर गुरुदेव द्वारा निर्देशित प्रभावशाली ध्यान के गहन अनुभवों के साथ प्रक्रियाओं के माध्यम से अवचेतन मन के विकारों का अवक्षेपण व प्रक्षालन होता है साथ ही असीम शांति और नई ऊर्जा का अनुभव होता है। शिविर की प्रशिक्षित साध्वी आदि श्री दीदी जो संस्था से विगत 25 वर्षो से पूर्णकालिक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षित हैं। इनके द्वारा देश विदेश में हजारों साधकों को गहन ध्यान से लाभान्वित कर उनकी जीवन शैली में परिवर्तन लाया है। शिविर के आयोजन में बैतूल के आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक डॉ.अलका पांडे, राजू सोनारे, अनिल शर्मा, नीरजा शर्मा, कल्पना शाह, रूपाली लिमजे, सुनंदा साहू और विवेकानंद पंडित का सराहनीय योगदान रहा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की कार्यशाला

**भैंसदेही।** नवापुर में डीबी आत्मजा फाउंडेशन संस्था की ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रदेश प्रमुख किरण कुमार उइके, जिला प्रमुख खलिता विश्वकर्मा, तहसील प्रमुख रामचन्द्र अंखडे, तहसील प्रति निधि सुनील उईके, राकेश वटटी, सुरेंद्र बावने सहित अन्य लोगों ने संस्था के मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चल रही गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की और आई समस्याओं का निराकरण किया गया। डीबी आत्मजा फाउंडेशन संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवार के लोगों के



परिवार में जन्मी बेटियों को तथा उनके विवाह पर सहयोग प्रदान कर रही है। संस्था का उद्देश्य बेटियों को शिक्षित करना और उनके भविष्य को सुरक्षित करना है। गर्भवती महिला के पंजीयन पर सहयोग॰ संस्था गर्भवती महिला के तीन माह पूर्व पंजीयन करने पर बेटी या बेटा के जन्म पर महिला को झूला और 11 सौ रुपए प्रदान करती है। बेटियों के विवाह पर सहयोग॰ संस्था बेटियों के विवाह के तीन माह पूर्व पंजीयन करने पर विवाह पर उपहार प्रदान करती है।

# टैक्स की रसीद काटकर रुपये जमा नहीं करने का आरोप

नवभारत न्यूज

**मुलताई, 14 जुलाई. नगर पालिका परिषद में एक सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा एक लान के टैक्स की रसीद काटकर रुपए नगरपालिका में जमा नहीं करने के आरोप लगाये है।**

**सहायक राजस्व निरीक्षक पर लगे आरोप**

**नपाध्यक्ष और सभापतियों को दी जानकारी**



राजस्व विभाग के नोडल अधिकारी जीआर देशमुख ने गबन की जानकारी सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर एवं सभापति रितेश विश्वकर्मा, शिल्पा शर्मा, महेन्द्र पिल्लू जैन,पार्षद निर्मला उबनारे को दी है। राजस्व नोडल अधिकारी देशमुख ने बताया संस्कार हाल एंड लान के नाम से 10 हजार रुपए आन लाईन रसीद सहायक राजस्व निरीक्षक अमर लाल क ?वे द्वारा 12 अप्रेल 2024 को काटकर लान संचालक को दी गई। लेकिन 10 हजार रुपए की राशि निकाय निधि में जमा नहीं की गई। इस संबंध में संबंधित द्वारा कार्यालय में शिकायत मिलने पर जिसका लिखित सत्यापन कैशियर विराम सिंह उइके द्वारा किया जाना बताया गया है। जो कि नगर पालिका लेखा नियम 2018 के नियम 258 के तहत गबन की श्रेणी में आता है। जिसकी सूचना प्रकरण प्राप्त होते ही राज्य शासन, स्थानीय निधि संपरीक्षा तथा पीआइसी के साथ पुलिस को दिए जाने का प्रावधान है। अब देखना यह है की निकाय निधि का गबन होने पर क्या कार्यवाही होती है। इस संबंध में राजस्व विभाग के सभापति महेंद्र जैन ने बताया जो कर्मचारी परिषद को क्षति पहुंचाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**समीक्षा बैठक** लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरतें

**बैतूल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं, समसामयिक मुद्दों की गहन समीक्षा की।**

सीईओ श्री जैन ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं में निर्धारित समयावधि में प्रगति सुनिश्चित करें और शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीईओ श्री जैन ने कहा कि



जिले में यूरिया की आपूर्ति एवं वितरण को लेकर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसको लेकर किसी भी प्रकार का चक्का जाम, प्रदर्शन अथवा जन-अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करें एवं संभावित परिस्थितियों की समीक्षा करें। ब्लॉक कृषि अधिकारी संबंधित एसडीएम को प्रतिदिन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें, जिससे प्रशासन को वस्तुस्थिति की स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके। किसी भी प्रकार की शिकायत या अव्यवस्था की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**सभी अधिकारी फील्ड वर्क पर जाए, जनता से करें संवाद :** सीईओ श्री जैन ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश सभी विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण पर भी सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। सभी अधिकारी फील्ड वर्क पर जाए और जनता से संवाद कर शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कोई भी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते। उन्होंने जल संसाधन, उद्यानिकी विभाग, पीडब्ल्यूडी, श्रम, राजस्व, ट्राइबल, वन विभाग, पीएचई विभाग के शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीईओ श्री जैन ने समग्र ईकेवाईसी की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रत्येक निकाय और जनपद को लक्ष्य के विरुद्ध ई केवाईसी कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में देहदान, अंगदान करने वालों की जानकारी एकत्रित किए जाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान सीईओ श्री जैन ने जिले में हर घर नल से जल में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

# सर्वे ऑफ एलसीएच क्वार्टर पर अवैध कब्जा

**सारनी।** पाथाखेड़ा नगर स्थित न्यू मार्केट क्षेत्र में क्वाटर पर एक दुकानदार ने अवैध कब्जा कर लिया है और अब निर्माण किया जा रहा है। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्यवाही तक नहीं की जा रही है। जानकारी के अनुसार वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की एलसीएच सर्वे ऑफ क्वार्टर पर गैरकानूनी रूप से कब्जा कर लिया गया है। यह स्थान प्रकाश ज्वेलर्स के समीप स्थित है और स्थानीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन से भी की है। बावजूद इसके न तो कब्जा हटाया गया और न ही संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की गई। इसके विपरीत दबंगाई और राजनीतिक संरक्षण के बल पर कब्जाधारी ने एलसीएच क्वॉटर की भूमि पर रेत,ईट और अन्य



निर्माण सामग्री लाकर जमावड़ा कर लिया है। और पक्की और मजबूत दुकान बनाना चालू है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस प्रकार सार्वजनिक और सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में क्षेत्र की जनसुविधाओं और विकास कार्यों में भी बाधा उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर अवैध कब्जा हटाना चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सूत्रों से जानकारी मिली है कि मजदूर वर्ग पर सुरक्षा कर्मचारियों के द्वारा जल्द कार्रवाई होती देखी गई हैं। मगर नेता, अधिकारियों व सुरक्षा कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिलने की वजह से रसुखादारों पर नहीं होती कार्यवाही।

**इनका कहना है**

इस विषय पर लिखित शिकायत भी मिली है,जिस पर हमारे नियम अनुसार नोटिस भेजा गया है।अंततः नोटिस भेजने के साथ दिन में जवाब नहीं आने पर नगरीय प्रशासन अधिकारी को हमारे द्वारा लेटर जारी कर दिया जाएगा,उसके बाद वही कार्रवाई कर सकेंगे।

**-महेशरम सत्यनारायण, सब एरिया तवा 2 खदान**